## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज धनबाद दौरा, बीबीएमकेयू में करेंगे बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण।**
2. **भाजपा ने मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्कॉलरशिप को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा– वादे से पलट गयी है सरकार, कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली कर भाजपा पर बोला हमला।**
3. **यूपीएससी ने जारी किया इंडियन फॉरेस्ट सर्विस परीक्षा का परिणाम, रांची की कनिका अनभ को देशभर में मिला पहला स्थान।**
4. **राज्य में वज्रपात से छह लोगों की मौत, मौसम विभाग ने आज भी संताल और कोयलांचल के इलाके में बारिश की जारी की चेतावनी।**
5. **झारखंड के 52 वर्षीय पर्वतारोही ने पूरी की एवरेस्ट की चढ़ाई, नीचे उतरने से पहले शिखर पर बिताये 15 मिनट का समय।**

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज धनबाद के दौरे पर रहेंगे। वे बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, बीबीएमकेयू परिसर में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एडीएम विधि–व्यवस्था पीयूष सिन्हा ने अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और तैयारियों की समीक्षा की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामकुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

*********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय स्कॉलरशिप योजना के क्रियान्वयन में वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा है कि चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने कैबिनेट के माध्यम से इस योजना से लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या 25 से बढ़ाकर 50 कर दी थी लेकिन अब जो विज्ञापन निकला है इसमें यह जिक्र किया गया है कि इस योजना का लाभ केवल 25 छात्रों को ही दिया जायेगा।

*********************

इधर, प्रदेश कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। पार्टी के संविधान बचाओ अभियान के तहत उपराजधानी दुमका में निकाली गयी रैली में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आरोप लगाया कि देश में भाजपा के शासनकाल में संविधान खतरे में है।

*********************

बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह पर दो पैन कार्ड रखने चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने का आरोप लगा है। भाजपा इसे लेकर हमलावर है। इधर, कांग्रेस विधायक के बचाव में उतर आयी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि कुछ लोग बोकारो में उपचुनाव होने का सपना देख रहे हैं।

*********************

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने भारतीय वन सेवा परीक्षा–2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें रांची की कनिका अनभ को देशभर में पहला रैंक मिला है। कनिका ने 2019 में सीएसआईआर यूजीसी नेट की परीक्षा में भी ऑल इंडिया रैंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

*********************

दुमका जिले में तसर उत्पादन को गति देने के लिए एक बार फिर बड़ी पहल की तैयारी की जा रही है।

*********************

राज्य के कई जिलों में कल हुए वज्रपात से 6 लोगों की मौत हो गयी है जबकि कई अन्य घायल हैं। जानकारी के मुताबिक गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के लखैया और रेजो गांव में ठनका की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि रामगढ़ में दो और हजारीबाग में वज्रपात से एक व्यक्ति की जान गयी है। मौसम विभाग ने आज भी देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, साहिबगंज, धनबाद और गिरिडीह में भारी बारिश की चेतावनी

जारी की। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, 21 मई से पूरे राज्य में आंधी के साथ मेघ गर्जन, वज्रपात व बारिश की संभावना है। यह स्थिति 23 मई तक रहेगी।

*********************

टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन–टीएसएएफ के वरिष्ठ प्रशिक्षक 52 वर्षीय मोहन रावत ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के शिखर का सफलतापूर्वक फतह किया। यह जानकारी टाटा स्टील ने दी है। श्री रावत ने 18 मई को तड़के माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की और नीचे उतरने से पहले करीब 15 मिनट शिखर पर बिताए। उन्होंने इससे पहले भी कई पर्वतों की चोटियां फतह की है। वह 2018 मिशन गंगा अभियान का हिस्सा थे, जिसे प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाई थी।

*********************

जोर्डन में एशियन अंडर–15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी की कैडेट कनिष्का कुमारी गोराई को सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने सम्मानित किया। उनके कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ब्रजभूषण मोहंती को भी सम्मान दिया गया।

*********************

**<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राजधानी के सर्वोदय नगर में घर में घुसकर जमीन कारोबारी की हत्या की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– कर्मयोगी जोहार पोर्टल से युवाओं को रोजगार।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– सरना धर्म कोड को लेकर 27 मई को सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगा झामुमो।

**दैनिक जागरण** लिखता है– मुख्यमंत्री के ट्विट पर वृद्धा को मिला राशन।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– अब जेएसएससी से होगी पुलिस में फोर्थ ग्रेड की नियुक्तियां, प्रमोशन भी मिलेगा।

अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री को सुप्रीम कोर्ट की फटकार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********समाप्त***********